TDC (CBCS) Even Semester Exam., 2019

HINDI

(2nd Semester)

Course No. : HINHCC–201T

[Hindi Sahitya ka Itihas (Adhunik Kal Tak)]

Full Marks : 70
Pass Marks : 28

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×10=20

(क) 'भारत-भारती' की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा सम्पादित 'सरस्वती' पत्रिका की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

(ग) भारतेन्दु मण्डल के चार साहित्यकारों के नाम लिखिए।

(घ) चार छायावादी कवियों के नाम लिखिए।

(ङ) 'तारसप्तक' के किन्हीं चार कवियों के नाम लिखिए।

(च) प्रयोगवाद की दो प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(छ) 'नयी कविता' के किन्हीं **चार** कवियों के नाम लिखिए।

(ज) 'साठोत्तरी' कविता की दो प्रमुख प्रवृत्तियों को लिखिए।

(झ) समकालीन काव्य की दो प्रवृत्तियों को लिखिए।

(ञ) आत्मकथा से क्या तात्पर्य है?

(ट) जैनेन्द्र के किन्हीं चार उपन्यासों के नाम लिखिए।

(ठ) प्रेमचंद की किन्हीं चार कहानियों के नाम लिखिए।

(ड) मोहन राकेश के दो नाटक और दो कहानियों के नाम लिखिए।

(ढ) विद्यानिवास मिश्र के किन्हीं चार निबंधों के नाम लिखिए।

(ण) किन्हीं चार आलोचकों के नाम लिखिए।

2. भारतेन्दुयुगीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए। 10

अथवा

मैथिलीशरण गुप्त का साहित्यिक अवदान बताइए।

3. छायावादी काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए। 10

अथवा

प्रगतिवादी काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर विचार कीजिए।

4. 'नयी कविता' की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

समकालीनता के अभिप्राय को बताते हुए समकालीन कविता के स्वरूप पर विचार कीजिए।

5. हिन्दी कहानी के उद्भव और विकास का सामान्य परिचय दीजिए। 10

अथवा

हिन्दी उपन्यास के उद्भव और विकास पर निबंध लिखिए।

6. नाटककार के रूप में जयशंकर प्रसाद का मूल्यांकन कीजिए। 10

अथवा

हिन्दी आलोचना के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

★ ★ ★